जानकी गुफा के अंदर विराजे भगवान लक्ष्मण

महोबा रोड स्थित जानराय टोरिया मंदिर में 200 फीट लंबी 'जानकी गुफा' तैयार

- ब्रह्मा-विष्णु-महेश के बाल रूप और माता जानकी के अद्भुत दर्शन
- अष्टधातु की 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है

नवभारत न्यूज

छतरपुर,22 अक्टूबर.महोबा रोड स्थित जानराय टोरिया मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए एक नई सौगात सामने आई है. मंदिर में 200 फीट लंबी अद्भुत जानकी गुफा का निर्माण पूरा हो गया है.

मंदिर के महंत भगवान दास सिंगारी के अथक प्रयासों से निर्मित इस गुफा को 24 अक्टूबर, शनिवार को महाआरती के बाद पूजन-पाठ के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा.

जानराय टोरिया मंदिर देश की पहली अष्टधातु से निर्मित 51 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा के लिए भी प्रसिद्ध है. अब जानकी गुफा श्रद्धालुओं के आकर्षण का नया केंद्र बनेगी.

200 फीट की गुफा में यह रहेगा आकर्षण का केंद्र

मंदिर से मिली जानकारी के अनुसार, गुफा का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा और निकासी द्वार पश्चिम दिशा में बनाया गया है. गुफा में प्रवेश करते ही द्वारपाल के रूप में भक्तों को भगवान लक्ष्मण के दर्शन होंगे.

इसके बाद माता सती अनुसूया की गोद में बाल रूप में विराजमान ब्रह्मा, विष्णु और महेश के दर्शन होंगे. आगे जल से होकर गोदावरी गुफा पहुंचने के बाद भक्त कुबेर टीला पहुंचेगे जहाँ भगवान कुबेर के दर्शन होंगे. और अंतिम पड़ाव पर वृक्ष के नीचे विराजमान माता जानकी के अद्भुत दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे.

सीसीटीवी कैमरा से लैस होगी अद्भुत गुफा

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर की निर्माण समिति ने पूरी गुफा में सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए है ताकि भक्तो को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके. इस नई धार्मिक सौगात से छतरपुर में पर्यटन और धार्मिक आस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

फायरिंग-अवैध वसूली का आरोपी गिरफ्तार, कट्टा और स्कूटी बरामद

नवभारत न्यूज

छतरपुर,22 अक्टूबर. शहर की कोतवाली पुलिस ने फायरिंग कर हत्या के प्रयास और अवैध वसूली के दो अलग-अलग मामलों में फरार आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस और स्कूटी बरामद की है.

पुलिस के अनुसार मातवाना मोहल्ले में फायरिंग कर हत्या के प्रयास तथा कड़ा की बरिया मोहल्ले में एक वृद्ध महिला से पैसे मांगने और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे.

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने शाहरुख खान उर्फ माइकल, निवासी ताज कॉलोनी, छतरपुर को गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, अवैध वसूली, अवैध शराब, जुआ और संगठित अपराध सहित कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया. कार्रवाई में कोतवाली पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

70 बोरी नकली खाद जब्त, दो आरोपियों पर किया मामला दर्ज

- 8 लाख रुपये का पिकअप वाहन भी जब्त
- मातगुवां पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर,22 अक्टूबर.मातगुवां पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर नकली खाद के परिवहन का खुलासा किया है. पुलिस ने 70 बोरी नकली उर्वरक खाद, कुल 3500 किलोग्राम, और परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है. जब्त सामग्री और वाहन की कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई गई है.

पुलिस के अनुसार खाद से भरे पिकअप वाहन को रोककर जांच की गई, लेकिन चालक खाद परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. कृषि विकास अधिकारी द्वारा जांच किए जाने पर खाद नकली पाई गई.

मामले में पवन सिंह चौहान निवासी गढ़ी मलहरा और राना सिंह परमार निवासी ग्राम ऊजरा के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मातगुवां उपनिरीक्षक अंकुर चौबे सहित पुलिस टीम ने की.

प्रदेश के 38 हजार कोटवारों की मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान

- गांधी जयंती से काली पट्टी बांधकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की लंबित मांगों को लेकर मध्यप्रदेश आजाद कोटवार संघ ने आंदोलन का ऐलान किया है. संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तैयार कर विधायक के माध्यम से सौंपने की पहल की है.

संघ के अनुसार, कोटवार ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन उनकी प्रमुख मांगों का अब तक निराकरण नहीं हुआ है. मांगों को लेकर 4 सितंबर 2026 को भोपाल के अटल पथ पर प्रदेशभर के हजारों कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकालकर शासन को ज्ञापन सौंपा था. इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने से कोटवारों में नाराजगी है.

संघ ने घोषणा की है कि मांगें पूरी नहीं होने पर 2 अक्टूबर 2026 से काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन और शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा. संघ ने सरकार से कोटवारों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करने की मांग की है. अब देखना होगा कि शासन इस मामले में क्या कदम उठाता है.

अग्रवाल समाज का दशहरा मिलन समारोह 26 को

- विद्यार्थियों, प्रतिभाओं और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान होगा
- जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी

नवभारत न्यूज

छतरपुर,22 अक्टूबर. जिला अग्रवाल समाज द्वारा 26 अक्टूबर को सरानी दरवाजा बाहर स्थित सिद्धपीठ श्री महालक्ष्मी मंदिर में दशहरा मिलन समारोह, सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों, प्रतिभाओं और समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा. साथ ही जरूरतमंद परिवारों और दिव्यांग बच्चों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 12 से 2 बजे तक पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह होगा. इसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक दशहरा मिलन एवं सहभोज आयोजित किया जाएगा.

समारोह में अग्रसेन जयंती की प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा सीबीएसई, एमपी बोर्ड और आईसीएसई बोर्ड के 10वीं-12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति पुरस्कार दिए जाएंगे. शासकीय एवं अशासकीय सेवाओं में चयनित युवाओं को अग्र गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाएगा.

जिलाध्यक्ष प्रभात सर्राफ सहित समाज के पदाधिकारियों ने सभी अग्रबंधुओं से सपरिवार शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

एक नजर में

हरपालपुर रेलवे फाटक आज रात से रहेगा बंद

छतरपुर. हरपालपुर-बेलाताल रेल दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत हरपालपुर स्थित रेलवे फाटक संख्या 398 पर मरम्मत कार्य किया जाएगा. इसके चलते रेलवे फाटक 23 अक्टूबर 2026 की रात 10 बजे से 24 अक्टूबर की सुबह 6 बजे तक कुल 8 घंटे बंद रहेगा. अनुविभागीय दंडाधिकारी नौगांव जी.एस. पटेल ने मरम्मत कार्य के लिए रेलवे फाटक बंद रखने की अनुमति जारी की है. इस दौरान सड़क मार्ग से आवागमन प्रभावित रहेगा. नागरिकों की सुविधा के लिए हरपालपुर बायपास मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के रूप में निर्धारित किया गया है. प्रशासन ने वाहन चालकों और नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समयावधि में बायपास मार्ग का उपयोग करें और असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें.

नरवाई प्रबंधन के लिए आवेदन 29 अक्टूबर तक

छतरपुर. नरवाई जलाने की समस्या पर रोक लगाने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए किसानों से स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (स्स्म्) सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की खरीदी हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. आवेदन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित की गई है. सहायक कृषि यंत्री कार्यालय के अनुसार, योजना के तहत पात्र किसानों को कृषि यंत्रों की खरीदी पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा.

नारद मोह-रामजन्म से उठेगा रामलीला का पर्दा

हरपालपुर. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय आदर्श रामलीला के सुनहरे रंगमंच पर नारद मोह रामजन्म की लीला के मंचन से रामलीला का शुभारंभ होगा.

भाजपा नेता ने विकास यात्रा का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

ओरछा टीकमगढ़ का संपूर्ण विकास कराने के उद्देश्य से कुछ प्रमुख विकास कार्यों की मांग को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने अपने साथी कार्यकर्ता एवं आमजनों सहित आगामी 22 नवंबर से 28 नवंबर तक टीकमगढ़ से ओरछा श्री रामराजा सरकार विकास यात्रा निकालने का संकल्प लिया है।

यह यात्रा पैदल होगी यात्रा 22 नवंबर को दोपहर 12.00 बजे नजरबाग मंदिर टीकमगढ़ से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार में होती हुई बिहारीपुर पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा इसके बाद अगले दिन 23 नवम्बर को यात्रा दिगौड़ा, 24 नवंबर को बम्होरी 25 नवंबर को ज्योरा 26 नवंबर को पृथ्वीपुर 27 नवंबर को नेगुवाँ होते हुए 28 नवंबर को शाम 4:00 बजे श्री रामराजा मंदिर ओरछा पहुंचेगी जहां पर सभा पश्चात यात्रा का समापन किया जाएगा। टीकमगढ़ नगर पालिका के एल्डरमैन विजय पटेरिया, शिवकुमार तिवारी एवं मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- संगम सेवालय के तत्वावधान में किया कार्यक्रम आयोजित
- महिलाओं और बच्चियों के लिए था विशेष शिविर

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 अक्टूबर. महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 22 अक्टूबर को संगम सेवालय द्वारा नजरबाग स्थित आंगनवाड़ी में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानियों और सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई.

सेमिनार में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करने तथा जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया. इस दौरान संस्था की ओर से महिलाओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन भी वितरित किए गए.

संगम सेवालय की सविता लखेर एवं रमा रिछारिया उपस्थित रहीं. उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता समाज की खुशहाली से जुड़े महत्वपूर्ण विषय हैं. महिलाओं को इन विषयों पर खुलकर बात करनी चाहिए और जागरूकता बढ़ानी चाहिए.

संस्था ने महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया.

मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी को

टीकमगढ़. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश में एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षणकी समय-सारणी निर्धारित की गई है. आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें. कार्यक्रम अनुसार 2 नवंबर तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन, 12 नवंबर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अवधि, 28 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियों का निराकरण तथा 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा. इस प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जाएगा.

आयोजन लखनऊ से अयोध्या तक एकता यात्रा निकलने की संभावना

बागेश्वर सरकार की चौथी सनातन एकता रथ यात्रा

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 22 अक्टूबर. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की चौथी सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा उत्तर प्रदेश में निकाले जाने की संभावना है. तीसरी रथ यात्रा के सफल समापन के बाद उन्होंने अगली यात्रा को लेकर भक्तों के साथ जानकारी साझा की. प्रस्तावित यात्रा लखनऊ से अयोध्या तक हो सकती है. इसके अलावा छत्तीसगढ़ या बिहार में भी यात्रा निकालने पर विचार किया जा रहा है.

गौरतलब है कि तीसरी सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा पांच दिनों में पांच जिलों से गुजरते हुए करीब 500 किलोमीटर का सफर तय कर बागेश्वर धाम पहुंची थी. इस दौरान लगभग तीन हजार गांवों तक नशामुक्त समाज, जातिगत भेदभाव मिटाने और लव जिहाद के खिलाफ जागरूकता सहित सात संकल्पों का संदेश पहुंचाया गया.

तीसरी यात्रा में प्रतिदिन 100 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने और 17 से 19 घंटे तक समय लगने के अनुभव के बाद अगली यात्रा में प्रतिदिन 40 से 50 किलोमीटर चलने का लक्ष्य रखने की योजना है.

47 लाख से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू

धार्मिक नगरी बागेश्वर धाम में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 47 लाख रुपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया गया. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण किया गया. इस स्वास्थ्य केंद्र की नींव वर्ष 2023 में तत्कालीन खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह और आयुष राज्य मंत्री नानू ओमप्रकाश कावरे ने रखी थी. भूमि पूजन कार्यक्रम में बागेश्वर सरकार भी शामिल हुए थे. लोकार्पण के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और विधायक अरविंद पटेरिया ने अस्पताल के डॉक्टर चैंबर, पर्चा कक्ष, औषधि कक्ष और भंडार कक्ष का निरीक्षण किया. अस्पताल में दो डॉक्टर, चार कंपाउंडर और एक योग प्रशिक्षक सहायक तैनात रहेंगे. केंद्र सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा. यहां मरीजों को नि:शुल्क उपचार और चिकित्सकीय परामर्श मिलेगा.

आवारा जानवरों से हो रहे हादसे व्यवस्था सुदृढ़ करने की उठी मांग

- नगर पालिका की लापरवाही से हो रही अव्यवस्था
- यातायात पुलिस पर पड़ रहा अतिरिक्त प्रभार

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़, 22 अक्टूबर. शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधारने के लिए भले ही यातायात पुलिस काम कर तैनाती पर रहती हो, लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण आवारा पशुओं के सड़क पर खुलेआम घूमने से शहर में जाम लग जाता है. अब ट्राफिक पुलिस वाहनों को निकलवाए या फिर आवारा पशुओं को भगाए.

शहर के सैलसागर से कोतवाली मार्ग पर इन दिनों आवारा पशुओं का खूब जमावड़ा लग रहा है. इन आवारा पशुओं के कारण यहां जाम जैसी स्थिति बन जाती है. ट्राफिक पुलिस के जवान तैनात होने के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है. ट्राफिक पुलिस के जवान अब जाम खुलवाएं या फिर आवारा पशुओं को भगाएं. इस इलाके में बीते लंबे समय से ट्राफिक व्यवस्था बनी हुई थी, जिसे देख पुलिस कसान और यातायात थाना ने व्यवस्था बनाई यहां सुबह से देर रात तक जवान तैनात रहते हैं. लेकिन इन जवानों के लिए सबसे बड़ी समस्या आवारा जानवर बन रहे हैं. आवारा जानवर बारिश होने के बाद ठंडक को देखते हुए बीच सड़क पर बैठ जाते हैं. इसलिए यहां जाम लग जाता है.